उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार 26 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925
### ( दिनांक : 16 जून, 2003 )

### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1. प्रश्न (देखिये नत्थी "क")।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "ख")।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विकास खण्ड यमकेश्वर के ग्राम भूमियाकीसार (कसाण) को अन्यत्र बसाये जाने के सम्बन्ध में" श्री बलदेव प्रसाद कुकरेती एवं अन्य निवासीगण, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
   (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**ग**")

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10. वित्तीय वर्ष 2003-2004 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

....2/....

11. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

12. जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत दिनांक 29 मई, 2003 को घनसाली, अखोड़ी मोटर मार्ग पर बस दुर्घटना होने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 12 जून, 2003 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत, परिवहन मंत्री का वक्तव्य।

13. उत्तरांचल में मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल/हाईस्कूल विद्यालयों को अनुरक्षण अनुदान न दिये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री अजय भट्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 12 जून, 2003 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 16 जून, 2003**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2003

का प्रथम सोमवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 26 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925
(दिनांक : 16 जून, 2003)

## नत्थी ( क )

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 38 (2) के अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त

## तारांकित स्थगित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>20.3.2003 | *क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की विषम आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सरकार द्वारा मितव्ययिता हेतु क्या कदम उठाए गए हैं? क्या सरकार प्रदेश के सभी विभागों के मुख्यालयों पर तैनात अधिकारियों को उपलब्ध सरकारी वाहनों के प्रयोग पर नियंत्रण लगाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |

# नत्थी ( ख )

# तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>17.5.2003<br>चौ0 यशवीर सिंह<br>29.5.2003 | *1. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की चीनी मिलों पर किसानों को गन्ना मूल्य का कितना धन बकाया है? क्या सरकार बकाया धनराशि का भुगतान शीघ्र ही करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.5.2003 | *2. क्या ऊर्जा मंत्री को यह जानकारी है कि मनेरी भाली परियोजना हेतु जिन परिवारों की भूमि अधिग्रहित की गई थी उनके परिवार से एक सदस्य को नौकरी दिए जाने पर सहमति बनी थी? यदि हाँ, तो अब तक कितने परिवार के सदस्यों को नौकरी दी गई तथा अवशेष को कब तक सेवायोजित कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>19.5.2003 | *3. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार प्रशासनिक खर्चों में 10% कटौती तथा योजनागत व्यय का पूर्ण सदुपयोग करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है? | वित्त |
| श्री अजय भट्ट<br>20.5.2003 | *4. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>20.5.2003 | *5. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल की पहचान गढ़वाली-कुमाऊँनी लोक भाषाओं के संरक्षण, उन्नयन और विकास के लिए सरकार द्वारा कोई नीति निर्धारित की गयी है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस दिशा में क्या प्रयास किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>21.5.2003 | *6. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को जनस्वास्थ्य से जोड़ने हेतु क्या कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **प्रथम शुक्रवार के तारा. 9 में स्थानांतरण के फलस्वरूप उत्तरित** |

| | | |
|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>22.5.2003 | *7. क्या ऊर्जा मंत्री को ज्ञात है कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण अंचलों में विद्युत आपूर्ति में अघोषित कटौती की जा रही है? यदि हाँ, तो इस अघोषित विद्युत कटौती के क्या कारण हैं? क्या सरकार जनहित में अघोषित विद्युत कटौती से जनपद हरिद्वार के ग्रामीण अंचलों को मुक्त करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>23.5.2003 | *8. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में बी.ए.एम.एस. तथा बी.ई.एम.एस. की कक्षायें संचालित करने वाली कौन-2 सी संस्थायें विधिमान्य है? उत्तराखण्ड मेडिकल इंस्टिट्यूट 78/ए- एम.डी.डी.ए. कालोनी, डालनवाला, देहरादून द्वारा गठन से आज तक कुल कितने छात्रों को बी.ई.एम.एस. की डिग्री प्रदान की गयी है? क्या उत्तरांचल सरकार द्वारा उक्त संस्थान को मान्यता प्रदान की गई है? | चिकित्सा शिक्षा |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>26.5.2003 | *9. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ के नीती, माणा तथा वनज्यूला पास मार्ग से भारत-चीन व्यापार प्रारम्भ किये जाने हेतु केन्द्र सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.5.2003 | 1. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में मनेरी भाली परियोजना अन्तर्गत धरासू में डम्पिंग क्षेत्र की भूमि वन विभाग से परियोजना को स्थानांतरित कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री मदन कौशिक<br>17.5.2003 | 2. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पुलिस मुठभेड़ में इस वर्ष कितने अपराधी मारे गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किसी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ मुठभेड़ में मारे गये अपराधियों की तरफ से कितने मुकदमें दर्ज किये गये हैं? | गृह |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17.5.2003 | 3. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक घर को वर्ष 2005 तक विद्युतीकरण किये जाने की कोई कार्य योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उस कार्य योजना को सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.5.2003 | 4. क्या उद्योग मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में मनेरी भाली परियोजना (धरासू) दिकोली आबादी क्षेत्र में स्टोन क्रेशर स्थापित किये जाने हेतु सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है? यदि हाँ, तो क्या इसे मानक अनुरूप स्थापित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.5.2003 | 5. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में मनेरी भाली परियोजना द्वितीय चरण में कार्यरत 'कोस्टल एवं श्रींग कम्पनी' के द्वारा निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री बजरी इत्यादि की जाँच की जाती है? यदि हाँ, तो अब तक कितनी बार जाँच की जा चुकी है? क्या सरकार जाँच आख्या को सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>19.5.2003 | 6. क्या मुख्य मंत्री को जानकारी है कि प्रदेश में भारत–नेपाल से लगी सीमा पर तस्करी के कई मामले प्रकाश में आये हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार तस्करों के नेटवर्क का पता लगाने की कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो क्या? | गृह |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>19.5.2003 | 7. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के रूड़की के अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवक्ता एवं आचार्य के पदों पर नियुक्तियाँ अस्थायी हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन पदों पर स्थायी नियुक्तियाँ करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>19.5.2003 | 8. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल एवं उत्तरांचल से बाहर हिन्दु तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए कोई हिन्दु तीर्थ यात्रा कमेटी बनाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तीर्थाटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>19.5.2003 | 9. क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि जिला जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के मस्टरखाल एवं विकास खण्ड यमकेश्वर के मोहन चट्टी नामक स्थान पर 33 के0वी0 विद्युत सब स्टेशन प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त स्थानों पर प्रस्तावित निर्माण कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>20.5.2003 | 10. क्या मुख्य मंत्री को जानकारी है कि देहरादून शहर के अजबपुर कलाँ के मध्य रिस्पना नदी के किनारे छोटे–छोटे बच्चों के शव दफनाये जाते थे? यदि हाँ, तो उस क्षेत्र में अवैध रूप से आबादी बसायी जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार शमशान घाट के लिए भूमि की अन्यत्र व्यवस्था करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय मंगल के अता. 16 में स्था. |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>20.5.2003 | 11. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत रूड़की में सरकार पुलिस ट्रेनिंग सेन्टर खोलने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>20.5.2003 | 12. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में वर्ष 2000 से 2002 तक कितने गाँव विद्युतीकरण हेतु विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत चयनित किये गये थे? क्या चयनित गाँवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है, यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>20.5.2003 | 13. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में आटा चक्कियों, छोटी आरामशीनों, छोटे होटल व्यवसाइयों से सरकार नियत दरों पर व्यवसायिक विद्युत किराया वसूल कर रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार वास्तविक विद्युत व्यय के आधार पर विद्युत बिल वसूलने की व्यवस्था पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| चौ0 यशवीर सिंह<br>21.5.2003 | 14. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मण्डी परिषद (उत्तरांचल) द्वारा सहकारी एवं निगम क्षेत्र की चीनी मिलों को ऋण दिया गया है? यदि हाँ, तो वितरित की गई ऋण की धनराशि कितनी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त चीनी मिलें इस ऋण का भुगतान किस प्रकार करेंगी? | गन्ना विकास |
| श्री मदन कौशिक<br>21.5.2003 | 15. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में विज्ञान स्नातक कोर्स में महिला महाविद्यालय खोलने हेतु प्रकरण विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक महाविद्यालय खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>21.5.2003 | 16. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य कर्मचारियों को सामूहिक जीवन बीमा हेतु मासिक प्रीमियम की दरें कितनी निर्धारित हैं, क्या सरकार द्वारा पंचम वेतनमान के आधार पर प्रीमियम की राशि बढ़ा दी गयी है? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं,तो क्यों? | वित्त |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>22.5.2003 | 17. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में सब रजिस्ट्रार एवं निबन्धन लिपिकों के कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार इन रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्तियाँ करेगी तथा रिक्त पदों को भरते समय विभागीय प्रोन्नति भी सुनिश्चित करेगी? | स्टाम्प |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>22.5.2003 | 18. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में विभागों का पुनर्गठन कार्य पूर्ण हो गया है? क्या अभियोजन निदेशालय का गठन हो गया है या अभियोजन निदेशालय को पुलिस विभाग के अन्तर्गत ही रखा जायेगा? | द्वितीय सोम के अता. 14 में स्था. |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>22.5.2003 | 19. क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में राजकीय स्नातक महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में पी.जी. स्तर पर विज्ञान की कक्षाऐं चलाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.5.2003 | 20. क्या आवास मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के मुख्यालय में कब्रिस्तान के लिए प्रयोग की जा रही भूमि विवादास्पद है? यदि हाँ, तो क्या सरकार चमोली में कब्रिस्तान के लिए भूमि उपलब्ध कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो किस स्थान पर? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम बुध के अता.41 में स्था. |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.5.2003 | 21. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली हेतु जिला योजना एवं अनुश्रवण समिति द्वारा वर्ष 2002–2003 हेतु अनुमोदित धनराशि के विरूद्ध विभिन्न विकास कार्यों को सम्पादित कराने हेतु पूर्ण धनराशि आवंटित कर दी गयी थीं? यदि नहीं, तो क्यों? | नियोजन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.5.2003 | 22. क्या मुख्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल कारागार विभाग का प्रतीक चिन्ह, वर्दी, बैज, कैप आदि का निर्धारण कर लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>23.5.2003 | 23. क्या मुख्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में नये पुलिस थाने खोलने का सरकार के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हाँ, तो किन–2 स्थानों पर? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>23.5.2003 | 24. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड ऊखीमठ में नारायण कोटि में मंदिर समूहों के संरक्षण व पुनर्गठन हेतु कोई योजना सरकार के पास विचाराधीन है? यदि हाँ, तो प्रस्तावित योजना का स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | तीर्थाटन एवं धर्मस्व कार्य |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>24.5.2003 | 25. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रानीबाग जनपद नैनीताल स्थित एच.एम.टी. फैक्ट्री की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार केन्द्र सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु बातचीत कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक फैक्ट्री सुचारू रूप से कार्य करना प्रारम्भ कर देगी? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>26.5.2003<br>डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>28.5.2003 | 26. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आँगनवाड़ी कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद चमोली में कितने केन्द्र चल रहे हैं? क्या सरकार नये केन्द्रों को खोलने के लिए कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | बाल विकास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>26.5.2003 | 27. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी में 33 के0वी0 का कोई सबस्टेशन स्थापित किया गया है? यदि हाँ, तो क्या उक्त सबस्टेशन वर्तमान में कार्य कर रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री मदन कौशिक<br>26.5.2003 | 28. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के आन्दोलनकारी शहीदों के सम्मान में आज तक सरकार ने कितने भवनों, संस्थाओं, मार्गों का नाम शहीदों के नाम पर रखा है? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>26.5.2003 | 29. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय योजनाओं के अन्तर्गत किस श्रेणी के कुल कितने आवासों का निर्माण किया गया है? क्या निर्माण किये गये सभी आवास आवंटित हो चुके हैं? यदि नहीं, तो रिक्त आवासों को आवंटित करने की कार्यवाही कब तक की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>27.5.2003 | 30. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष जनपद चमोली में विकास खण्ड वार कुल कितने गाँवों का विद्युतीकरण किया गया है तथा वर्तमान में कुल कितने गाँव विद्युतीकरण से वंचित हैं? | ऊर्जा |

# नत्थी "ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 13 जून, 2003 की बैठक में दिनांक 16 जून, एवं 17 जून, 2003 के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-**

**जून, 2003**

| | |
|---|---|
| 16 सोमवार | (1) वित्तीय वर्ष, 2003-2004 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| 17 मंगलवार | (1) वित्तीय वर्ष, 2003-2004 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |